# ईसीआईएल, हैदराबाद में विश्व हिन्दी दिवस आयोजित




**हैदराबाद, 10 जनवरी-(मिलाप ब्यूरो)**

ईसीआईएल, हैदराबाद में विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आज हैदराबाद के जाने-माने शिक्षाविद, स्तम्भकार, लेखक डॉ. आनंदराज वर्मा को हैदराबाद का इतिहास विषय पर व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। डॉ. आनंदराज वर्मा ने विस्तारपूर्वक हैदराबाद की स्थापना, इतिहास और इसकी महान संस्कृति संबंधी ज्ञानप्रद, रोचक एवं महत्वपूर्ण जानकारी से उपस्थित कर्मचारियों को अवगत करवाया। यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस व्याख्यान में निगम के विभिन्न प्रभागों में कार्यरत विभिन्न स्तर के लगभग 50 कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रारंभ में व्याख्यान में पधारे संकाय सदस्यों तथा प्रतिभागियों का हिन्दी प्रबंधक श्री भारत भूषण ने स्वागत किया। श्री बु. भास्कर राव, (प्रधान सीपीपीएम एवं अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री रमेश अमिन्टा, स्थानापन्न प्रधान, (कार्मिक एवं प्रशासन) कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री देवीदास (वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी) ने कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी का आभार प्रकट किया।